(घ) क्या प्रतिवेदन की एक प्रति सभा पटल पर रखी जायेगी ?

गृह-कार्य मंत्रालय में राज्य-मंत्री तथा प्रतिरक्षा मंत्रालय में प्रतिरक्षा संभरण मंत्री (श्री हाथी) : (क) जी, हां ।

(ख) जांच के परिणामों के अनुसार यह बम-विस्फोट क्षेत्र की वैध सरकार का तख्ता पलटने के उद्देश्य से बनाई गई एक साजिश के मताबिक हुआ था । जांच पूरी करने के बाद भारतीय दंड संहिता की धारा 121, 121(क), 122, 123, 301 और 436 तथा भारत सुरक्षा नियमावली के नियम 36, 41 और 144 के अधीन 17 व्यक्तियों के खिलाफ़ मामला दर्ज किया गया । अपराधियों में से 10 को गिरफ्तार किया गया था । पंजिम के सत्र न्यायाधीश ने 15-10-65 को मुजरिमों में से एक अर्थात् ओलाव फर्नेडेस को, भारतीय दंड संहिता की धारा 121, 121 (क), 122, 123 और 436 तथा भारत सुरक्षा नियमावली के नियम 144 के साथ पढ़कर नियम 36 और 41 के अधीन, 3 वर्ष के साधारण कारावास का दंड दिया । बाकी सभी मुजरिम बरी कर दिये गये । 9 मुजरिमों के बरी किए जाने के खिलाफ और अपराधी ओलाव फ़र्नेडेस की सजा बढ़ाने के लिए अपील करने के प्रश्न पर गोआ सरकार विचार कर रही है ।

(ग) जी, नहीं ।

पाकिस्तानियों द्वारा अपहरण

1213. **श्री प० ला० बारूपाल** : क्या गृह-कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि सितम्बर, के अंतिम सप्ताह में पीर पागारे के मुसलमान राजस्थान में मिठड़ों गांव के कुछ हरिजनों की मारपीट कर उनकी स्त्रियों व मवेशियों को पाकिस्तान ले गये ;

(ख) क्या वे इसी प्रकार जैसलमैर सीमा पर स्थित तनोट गांव से 8 ऊंट और दो पुरुषों को ले गये ; और

(ग) यदि हां, तो इस मामले में क्या कार्यवाही की गयी है ?

गृह-कार्य मंत्रालय में उपमंत्री (श्री ल० ना० मिश्र):(क) राजस्थान में सीमा से इधर के हमारे क्षेत्र में पीर पागारे नाम का कोई स्थान नहीं है। किन्तु 21 सितम्बर, 1965 को 20 सशस्त्र पाकिस्तानी मिठड़ों गांव में घुस आये, दो मेघवाल मार दिये, गांव को लूटा और कुछ मकानों को आग लगा दी ।

(ख) 24.9.65 को पाकिस्तानी गश्ती दल गांव तनोट में घुसा, 10 ऊंट और 30 गायें उड़ाकर और 4 भारतीय नागरिकों को जो सभी मेघवाल थे अपहरण करके ले गया । चार व्यक्तियों में से दो को दो दिन बाद छोड़ दिया गया । 3 ऊंट और 30 गायें वापस प्राप्त कर ली गई हैं ।

(ग) सम्बन्धित थानों में आवश्यक मामले दर्ज कर लिये गये हैं और मामलों की जांच की जा रही है ।

Preparation for Olympic Games, 1968

1214. **Shri Karni Singhji**: Will the Minister of Education be pleased to state:

(a) whether it is a fact that many countries are already training their athletes on high altitudes and whether the All-India Council of Sports propose to hold a camp in a place like Ooty for the Olympic sports to be held in Mexico in 1968; and

(b) if so, the details thereof?